वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF
FINANCE

पुरावशेष के प्रहरी

भारतीय सीमा शुल्क

Puravshesh ke Prahari

Indian Customs

सत्यमेव जयते
Government of India

पुरावशेष के प्रहरी
भारतीय सीमा शुल्क

Puravshesh ke Prahari
Indian Customs

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी, 2024 को पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी (नासिन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के भाग के रूप में, माननीय प्रधान मंत्री ने नासिन के इमर्सिव ट्रेनिंग फैसिलिटी में पुरावशेष अध्ययन केंद्र (Antiquity Study Centre) का दौरा किया।

पुरावशेष अध्ययन केंद्र शिक्षार्थी को सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के जटिल परिदृश्य को समझने में सहायता के लिए पुरावशेष अधिनियम, 1972 और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की कानूनी पेचीदगियों से परिचित कराता है। यह सुविधा एक गतिशील शिक्षण वातावरण प्रदान करती है जो भारतीय सीमा शुल्क द्वारा दर्ज किए गए वास्तविक मामलों से संकेत लेते हुए तस्करी के तरीकों को स्पष्ट रूप से दर्शाती है जो हमारे देश को प्रभावित करने वाली अवैध गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें विफल करने के लिए पैनी नजर विकसित करती है।

माननीय प्रधान मंत्री ने 26 अगस्त 2023 को जी20 संस्कृति मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा था, *"मूर्त विरासत का न केवल भौतिक मूल्य है, बल्कि यह एक राष्ट्र का इतिहास और पहचान भी है"* और *रेखांकित किया कि "विरासत आर्थिक विकास और विविधीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है, और यह भारत के विकास भी, विरासत भी के मंत्र में प्रतिध्वनित होती है।"*

माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, अधिकारियों को पुरावशेष तस्करी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करने हेतु एक व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए NACIN में सीबीआईसी के पुरावशेष अध्ययन केंद्र की अवधारणा रखी गई है। यह एक राष्ट्र के रूप में हमें परिभाषित करने वाली विरासत को सुरक्षित करने की लड़ाई के बीच भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए भारतीय सीमा शुल्क की निरंतर प्रतिबद्धता के एक पहलू का प्रतिनिधित्व करता है।

वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री
भारत सरकार

सन्देश

विभिन्न स्थानों पर सीमा शुल्क द्वारा जब्त किये गए पुरावशेषों को सामूहिक रूप से संरक्षण और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सौंपना अत्यधिक हर्ष का विषय है।

हमारी सांस्कृतिक विरासत इतिहास और प्राचीन वस्तुओं, कलाकृतियों और अन्य निधियों में सन्निहित है। इस आयोजन के उपलक्ष्य में एक विवरणिका 'पुरावशेष के प्रहरी' का प्रकाशन इस अवसर के अनुरूप है।

हमारी विरासत की ऐसी वस्तुओं की सीमा- पार तस्करी न केवल देश को ऐतिहासिक संसाधनों से वंचित करती है, बल्कि यह संगठित अपराध से भी जुड़ी है और भारत से धन के अवैध हस्तांतरण से भी सम्बंधित है।

सीमा शुल्क पुरावशेषों के अवैध निर्यात के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करता है, इस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे अतीत को सुरक्षित रखने में, एएसआई के साथ-साथ, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश भर के 7 शहरों में एक साथ इस प्रकार का सौपने का समारोह इस महत्वपूर्ण कर्तव्य के प्रति सीबीआईसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मैं पुरावशेषों की अवैध तस्करी को रोकने के प्रति उनके समर्पण के लिए सीमा शुल्क संरचनाओं और राजस्व आसूचना निदेशालय को बधाई देती हूं। अपराधियों के विरुद्ध उनकी त्वरित और समय पर कार्रवाई राष्ट्र के हितों के लिए हानिकारक ऐसी गतिविधियों के खिलाफ निवारक के रूप में भी काम करती है।

मुझे विश्वास है कि इस आयोजन से प्रसारित संदेश सीबीआईसी के सभी अधिकारियों को उच्च मानक बनाए रखने और अपने भविष्य के प्रयासों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

(निर्मला सीतारमण)

नई दिल्ली

दिनांक

परिचय

पुरावशेष हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। पुरावशेष में पांडुलिपियाँ, लेख, मूर्तियाँ, कला के कार्य, सिक्के या अन्य, जैसा कि कानून में परिभाषित है, हो सकती हैं। उनकी सुरक्षा करना भारतीय सीमाशुल्क द्वारा निष्पादित कर्तव्य का एक अभिन्न अंग है।

द्वारपालों (प्रहरी) की तरह, सीमाशुल्क भारत की सीमाओं के भीतर पुरावशेषों की सुरक्षा करते हैं। पिन-पॉइंट खोज या निरीक्षण के लिए आपूर्ति श्रृंखला में पुरावशेषों की तस्करी के जोखिम को डेटा विश्लेषण और आसूचना एकत्र करके रूपांकित किया जाता है। पुरावशेषों की तस्करी में शामिल अपराधियों पर मुकदमा चलाया जाता है।

एक बार जब किसी संभावित पुरावशेष को रोका जाता है, तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) परीक्षण करता है और एक दृष्टिकोण बनाता है जिसकी एक विशेषज्ञ समिति द्वारा पुष्टि की जानी आवश्यक होती है जो किसी वस्तु को पुरावशेष घोषित करती है। सीमा शुल्क अधिनियम के तहत किसी पुरावशेष को पूरी तरह से जब्त करने पर, या संरक्षण के लिए पुरावशेष को एएसआई को सौंप दिया जाता है।

यह विवरणिका भारत भर में विभिन्न स्थानों पर 101 पुरावशेषों को एक साथ एएसआई को सौंपने का स्मरण कराती है। कुछ को धरोहर- राष्ट्रीय सीमा शुल्क और जीएसटी संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा।

आगामी पृष्ठ इन पुरावशेषों के एक खंड का वर्णन करते हैं। एक हालिया मामले पर भी प्रकाश डाला गया है जिसमें एक पुरातन मूर्ति, जिसे एक मंदिर से अवैध रूप से हटाया गया था, सीमा शुल्क विभाग द्वारा बरामद की गई थी।

इस कार्यक्रम में भारत की माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की सौम्य उपस्थिति से पुरावशेष के प्रहरी के रूप में सीबीआईसी अधिकारियों की प्रतिबद्धता सुदृढ़ होती है।

Antiquity	Page
भगवान विष्णु (पेरुमल)	12
भगवान विष्णु/सूर्य	14
उमा-महेश्वर	16
आठ हाथों वाले भगवान गणेश	18
अपने पुत्रों गणेश और कार्तिकेयन के साथ देवी पार्वती	20
Broken bust of female statue Stone head of a Deity	22
चार हाथ वाले भगवान ब्रह्मा	24
मंदिर का सरदल (लिंटेल) भाग	26
खोजी दूरबीन	28
खंजर	30
दमिश्क फोल्डिंग चाकू	33
ताड़ के पत्ते की पांडुलिपि	34
कागज़ की पांडुलिपि	36
पुस्तक	38
देवी चामुंडा	40

शब्दावली	42

भगवान विष्णु (पेरुमल)

अवधि: Late Medieval | आकार: 62.5×28×20 सेमी

धातु: कांस्य | भार: 22.50 किलो

विष्णु या पेरुमल को वैष्णव धर्म का सर्वोच्च देवता माना जाता है जो लोगों पर अपनी दिव्य कृपा बरसाते हैं। उनकी पहचान मायोन अर्थात 'गहरे रंग वाला' से की जाती है, जिसका प्रथम उल्लेख पुरनानुरु और पट्टुपट्टू जैसे तमिल संगम साहित्य (300 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी) में मिलता है।

इस मूर्ति में पेरुमल को समभंग में खड़े हुए दर्शाया गया है। ऊपरी हाथों में चक्र और शंख हैं, जबकि निचले हाथ अभय मुद्रा में हैं और संभवतः गदा (अब लुप्त) पर टिके हुए हैं। सिर पर लंबा रत्न मुकुट और कुंडल, हार, यज्ञोपवीत, उदरबंध, कंगन, बाजूबंद और पायल सहित विभिन्न आभूषण पहने हुए, वह एक पद्मपीठ के ऊपर खड़े हैं। उनकी छाती के दाहिनी ओर त्रिभुज के आकार का श्रीवस्त चिन्ह है।

यह मूर्ति साइर परड्यू तकनीक द्वारा बनाई गई है, जो मिट्टी के आंतरक और एक सांचे में रखी मोम की कोटिंग का उपयोग करके कांस्य ढलाई की एक विधि है।

इसे जुलाई, 2021 में एक कूरियर के माध्यम से, जो तमिलनाडु राज्य से मलेशिया के लिए नियत था, निर्यात करने का प्रयास किया गया था। बेंगलुरु सीमा शुल्क के सतर्क जांच अधिकारियों ने नई स्थिति में घोषित कांस्य वस्तु में ऑक्सीकरण का पता लगाया। जब सीमा शुल्क ने यह मुद्दा उठाया, तो निर्यात से खेप वापस लेने का अनुरोध प्राप्त हुआ जिसकी अनुमति नहीं दी गई। मार्च, 2022 में पुरावशेष जब्त कर लिया गया।

भगवान विष्णु/सूर्य

अवधि: मध्यकालीन | आकार: 52×24×12 सेमी

धातु: Chloritic Schist Stone | भार: 12.60 किलो

भगवान विष्णु/सूर्य की यह मूर्ति समभंग में खड़ी है। सिर पर सुशोभित कीर्तिमुख मुकुट है और कानों में कुंडल पहने हुए हैं।

भौहें, आंखें, नाक और मुंह नुकीले और स्पष्ट रूप से दिखाए गए हैं। उनकी छाती के मध्य में श्रीवस्त है। मूर्ति कई हार, एक मोटे यज्ञोपवीत से सुशोभित है और एक सुसज्जित निचले वस्त्र के साथ एक कटिसूत्र पहने है।

शैलीगत आधार पर, मूर्ति मध्यकालीन है और संभवतः कर्नाटक के उत्तरी भाग या महाराष्ट्र राज्य की सीमा से आई है। मूर्ति का पिछला भाग अधूरा है, इसमें छेनी के निशान हैं और संभवत: इसे पहले एक दीवार पर लगाया गया था।

'100 स्टोन फिगर' के रूप में वर्णित इस वस्तु को अगस्त, 2020 में एक कूरियर के माध्यम से जापान निर्यात करने का प्रयास किया गया था। घोषित इकाइयों की पिछली प्रोफ़ाइल के आधार पर, निर्यात को बेंगलुरु सीमा शुल्क द्वारा रोक दिया गया और भौतिक रूप से जांच की गई। टूटे हुए हाथ देखकर निर्यात की अनुमति देने के बजाए पुरावशेष को फरवरी, 2021 में जब्त किया गया था।

उमा-महेश्वर

अवधि: 10th -11th CE | आकार: 52×26×60 सेमी

Pala School of Art | धातु: Polished Black Stone

यह बैठी हुई मुद्रा में उमा-महेश्वर की मूर्ति है। शिव और पार्वती दोनों को मुकुट पहने हुए दर्शाया गया है।

पार्वती को दो हाथों के साथ दर्शाया गया है। उनका एक हाथ शिव को गले लगाए हुए है जबकि दूसरे हाथ में दर्पण है।

चार भुजाओं वाले शिव को कमल के आसन पर बैठे हुए दर्शाया गया है और पार्वती उनकी गोद में बैठी हैं। उनके ऊपर वाले दाहिने हाथ में कमल का फूल और ऊपर वाले बाएं हाथ में त्रिशूल है। उनके अन्य दो हाथ उनकी पत्नी को गले लगाते हुए दिखाए गए हैं। शिव का दाहिना पैर नंदी पर और पार्वती का बायां पैर बाघ पर टिका हुआ है।

मूर्तितल के नीचे प्रार्थना मुद्रा में दो आकृतियाँ दिखाई गई हैं। शीर्ष पर दो उड़ते हुए गंधर्व दिखाए गए हैं।

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने इस आसूचना, कि 'घरेलू सजावटी सामान' विवरण का इस्तेमाल मुंबई हवाई अड्डे से सिंगापुर में पुरावशेषों की तस्करी के लिए एक आवरण के रूप में किया जाएगा, पर काम किया। इस ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, मार्च 2007 में खोजे और रोके गए दो कूरियर पार्सल में से एक से यह पुरावशेष बरामद किया गया था।

आठ हाथों वाले भगवान गणेश

अवधि: 10th -11th CE | आकार: 61×26×60 सेमी

Pala School of Art | धातु: Polished Black Stone

आठ हाथों वाले भगवान गणेश की यह मूर्ति बंगाल के मूर्तिकारों की उत्कृष्ट रचना है। नृत्य मुद्रा में गणेश को नृत्य-गणपति कहा जाता है। ब्रह्मांडीय नृत्य सृजन और विनाश के सतत चक्र से संबंधित है, जिसे संसार कहा जाता है, जो ब्रह्मांड को परिभाषित करता है, जिससे मनुष्य पार पाना चाहता है।

गणेश को अपने पैरों को द्विस्तरीय पंच रथ पीठ के ऊपर रखे पद्मपीठ पर टिकाये हुए दिखाया गया है। उन्होंने जटामुकुट, हार और अन्य आभूषण पहने हुए हैं। उनके दाहिने कंधे के पास एक छोटा सांप भी दर्शाया गया है।

गणेश के गुण जैसे अभय मुद्रा, परशु, गजहस्त, मूलक, और मोदक पात्र को इस मूर्ति में पहचाना जा सकता है।

डीआरआई ने आसूचना कि 'घरेलू सजावटी सामान' विवरण का इस्तेमाल मुंबई हवाई अड्डे से सिंगापुर में पुरावशेषों की तस्करी के लिए एक आवरण के रूप में किया जाएगा, पर काम किया। इस ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, मार्च 2007 में खोजे और रोके गए दो कूरियर पार्सल में से एक से यह पुरावशेष बरामद किया गया था।

अपने पुत्रों गणेश और कार्तिकेयन के साथ देवी पार्वती

अवधि: 10th -11th CE | आकार: 88×38 सेमी

Pala School of Art | धातु: Polished Black Stone

यह चार हाथों वाली देवी ललिता, जो देवी पार्वती के रूपों में से एक हैं, की मूर्ति है, जिसकी मुख्य रूप से पूर्वी भारत में पूजा की जाती है और ब्रह्माण्ड पुराण, देवी भागवत पुराण, अग्नि पुराण और पद्म पुराण में कई तरीकों से इनकी स्तुति की गई है।

देवी समपद मुद्रा में सप्त रथ पीठ पर रखे दो पंखुड़ी वाले कमल के आसन पर खड़ी हैं। उनके ऊपरी दाहिने हाथ में एक कोलिरियम स्टिक है और उनके निचले दाहिने हाथ में हथेली पर एक फल के साथ वरद मुद्रा दिखाई देती है। बायीं ओर के ऊपरी हाथ में दर्पण है और निचला हाथ कार्तिकेय के सिर पर है। वह गहनों और उपवीत से सुसज्जित हैं। वह जटामुकुट से सुशोभित है। छवि शांत उदात्तता के साथ एक सुंदर मुस्कुराता हुआ चेहरा दिखाती है।

देवी के साथ दो तरफ उनके पुत्र गणेश और कार्तिकेय हैं। गणेश जी के दाहिने हाथ में परशु और बाएं हाथ में मोदक पात्र है, जबकि कार्तिकेय के दाहिने हाथ में बाण है और बायां हाथ कात्यावलंबित मुद्रा में है।

डीआरआई ने उस ऑपरेशन के दौरान, जिसमें पिछली दो प्राचीन मूर्तियों की बरामदगी हुई थी, एक अन्य कूरियर कंपनी के माध्यम से अवैध निर्यात की एक अलग प्रक्रिया की पहचान की। मार्च, 2007 में मुंबई के चकला इलाके में की गई त्वरित कार्रवाई में अधिकारियों ने इस मूर्ति को बरामद किया और इसमें शामिल मुख्य व्यक्ति को पकड़ लिया।

Broken bust of female statue
अवधि: 11th -12th CE
आकार: 8.3×10×6.2 सेमी
धातु: Stone

Head of a Deity
अवधि: 11th -12th CE
आकार: 7.7×7.7×5.8 सेमी
धातु: Stone

Head of a Deity
अवधि: 11th -12th CE
आकार: 8.5×5.1×4.9 सेमी
धातु: Stone

Head of a Deity
अवधि: 11th -12th CE
आकार: 5.4×5.5×5.2 सेमी
धातु: Stone

10वीं-11वीं शताब्दी के दौरान मध्यभारत पर कई राजवंशों का शासन था। ग्वालियर क्षेत्र में कच्छप-घातों के साथ गुर्जर-प्रतिहार शासन कर रहे थे। खजुराहो और महोबा जैसे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में चंदेलों का शासन था। वे कला, विशेषकर मंदिर निर्माण के संरक्षक थे।

अलग-अलग प्रकार के सिर के पहनावे वाले इन टूटे हुए सिरों के पाए जाने से दृढ़ता से पता यह चलता है कि मध्यभारत सांस्कृतिक गतिविधियों में बहुत समृद्ध था जो बाद के काल में बर्बरता का शिकार हो गया।

डीआरआई ने मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में सक्रिय एक सिंडिकेट के बारे में आसूचना विकसित की, जिसने विरासत स्थलों को नष्ट कर दिया था और भारत से तस्करी के उद्देश्य से पुरावशेषों की खुदाई, छिपाई, भंडारण और व्यापार किया था।

नवंबर 2017 में, डीआरआई के इनपुट मिलने पर, इंदौर सीमा शुल्क की एक टीम शिवपुरी जिले के पोहारी गांव पहुंची, जहां उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने धैर्य के साथ ग्रामीणों को अपनी नेक मंशा से आश्वस्त किया। एक आवासीय खोज के परिणामस्वरूप ये पुरावशेष बरामद हुए।

चार हाथ वाले भगवान ब्रह्मा

अवधि: 12th CE | आकार: 26.67×50.8×13.97 सेमी

धातु: शिला

इस मूर्ति में भगवान ब्रह्मा को चार सिरों और भुजाओं के साथ दर्शाया गया है जो कि शाब्दिक प्रतीकात्मक परंपरा का सटीक पालन है। इनके तीन दृश्यमान चेहरे हैं।

ऊपरी दाएं हाथ में करछुल है जबकि ऊपरी बाएं हाथ में कमल की डंठल है। निचला दाहिना हाथ वरदमुद्रा में है जबकि निचले बाएँ हाथ से उन्होंने कमंडल पकड़ा हुआ है। उनका वाहन हंस दाहिने पैर के पास दिखाया गया है।

छवि का परिकर भाग व्याल आकृतियों से सुसज्जित है। देवता के दोनों ओर दो आकृतियाँ विराजमान हैं। भगवान हार, कुंडल, चूड़ियाँ और एक लंबी वनमाला पहने हैं। वह कमल के आसन पर खड़े हैं। यह मूर्ति लगभग 11वीं-12वीं शताब्दी के किसी मंदिर का हिस्सा हो सकती है।

एक बार नवंबर 2017 में मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में पिछले पृष्ठों में उल्लिखित देवताओं के सिर बरामद होने के बाद ग्रामीणों ने अन्य स्थानों की खोज में इंदौर सीमा शुल्क के अधिकारियों की सहायता करना जारी रखा। एक खेत में, झाड़ियों के बीच, बरामद दो पुरावशेषों में से एक ब्रह्मा की यह मूर्ति थी।

मंदिर का सरदल (लिंटेल) भाग

अवधि: 10th-11th CE | आकार: 36.83×33.02×11.43 सेमी

धातु: शिला

किसी मंदिर में, जैसे ही कोई प्रासाद या गर्भगृह के पास पहुंचता है, वहां एक फ्रेमयुक्त द्वार होता है जो बृहत्संहिता में दिए गए ज्यामितीय अनुपात का पालन करता है। द्वार के क्षैतिज शीर्ष को बीम या सरदल (लिंटेल) कहा जाता है। तीन मुख्य प्रमुख देवता अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और शिव ज्यादातर अपनी पत्नी और वाहन के साथ सरदल में पाए जाते हैं।

मंदिर का यह सरदल भाग इंगित करता है कि यह संभवतः 10वीं -11वीं शताब्दी के किसी बड़े मंदिर से सम्बद्ध है।

यह दर्शाता है:

अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ गरुड़ पर बैठे विष्णु: विष्णु अपने ऊपरी दाएं और बाएं हाथ में क्रमशः गदा और चक्र धारण किये हैं। उनके निचले दाहिने हाथ में शंख है जबकि उनके निचला बायाँ हाथ लक्ष्मी के आलिंगन में है। गरुड़ का मानव रूप दिखाया गया है।

मकरमुख तोरण के भीतर बैठी देवी: वह आभूषण, करंदमुकुट पहने हैं और अपने बाएं हाथ में कमल कली और दाहिने हाथ में एक डंडा पकड़े हैं।

वाहन नंदी पर बैठे उमा-महेश्वर: शिव अपने ऊपरी दाएं और बाएं हाथ में क्रमशः एक त्रिशूल और एक सांप लिये हैं। उनके निचले दाएं हाथ की वस्तु स्पष्ट नहीं है जबकि उनका निचला बायां हाथ पार्वती को छूता है। पार्वती के बायीं ओर एक सिंह का मुख दिखाई देता है।

सप्तमातृकाओं में से पांच: कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इंद्राणी और चामुंडा को बाएं से दाएं दर्शाया गया है।

नवंबर, 2017 में मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के पोहरी गांव में डीआरआई की आसूचना के आधार पर इंदौर सीमाशुल्क द्वारा किए गए ऑपरेशन के तहत, खेत में झाड़ियों से बरामद किया गया दूसरा पुरावशेष मंदिर का सरदल भाग था।



खोजी दूरबीन

अवधि: 1818 CE

इस दूरबीन पर मुकुट, मकड़ी और बिच्छू के प्रतीक चिन्ह (लोगो) उकेरे गए हैं। यह एक नौवहन सम्बंधित और पर्यवेक्षण उपकरण है जिसे खोजी दूरबीन (*ट्रैकर टेलीस्कोप*) कहा जाता है। इसका इस्तेमाल 19वीं सदी की शुरुआत में किया जाता था।

नाविक इसका उपयोग स्थलों को देखने, दूर के जहाजों की पहचान करने और समुद्र में उनकी स्थिति निर्धारित करने के लिए करते थे। सैनिक इसका उपयोग दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने, सेना की गतिविधियों पर नज़र रखने और हथियारों पर निशाना साधने के लिए करते थे। सर्वेक्षणकर्ताओं और खोजकर्ताओं ने इसका उपयोग अज्ञात क्षेत्र का मानचित्रण करने और संभावित संसाधनों की पहचान करने के लिए किया।

मई, 2018 में गुवाहाटी सीमा शुल्क द्वारा इस पुरावशेष की बरामदगी विशिष्ट सूचना कि एक व्यक्ति भारतीय सीमा पर विदेशी विक्रय का प्रयास कर रहा था, पर आधारित है। गवाहों की उपस्थिति में सार्वजनिक स्थल की निरंतर निगरानी के बाद, उस व्यक्ति को एक डाकघर के पास रोका गया और एकत्रित होती भीड़ से सुरक्षित बचाकर लाया गया जिसके बाद उसके पास से पुरावशेष बरामद किए गए।

***कोफ्तगिरी* शैली के खंजर**

अवधि: 16th-17th CE

धातु: Iron/Silver

आकार: 27.5 सेमी

खंजर ब्लेड और म्यान को फूल और पत्ती के डिजाइन में सजाया गया है। यह कोफ्तगिरी शैली में है जिसमें चांदी के तार जड़े हुए हैं और सतह पर सोने का पानी चढ़ा हुआ है। यह शैली मुगल काल से ही प्रचलन में रही है।

***कोफ्तगिरी* शैली के खंजर**

अवधि: 16th-17th CE

धातु: Iron/Silver

आकार: 27.5 सेमी

आवरण और हत्था चांदी के हैं और पुष्प रूपांकनों से सजाए गए हैं। हत्था अंत में त्रिकोणीय है।

कोफ्तगिरी **शैली के खंजर**

अवधि: 16th-17th CE

धातु: Iron/Silver

आकार: 30 सेमी

आवरण और हत्थे के किनारों को फूलों की सजावट दिखाते हुए सुनहरे मीनाकारी जैसे काम से सजाया गया है।

कोफ्तगिरी **शैली के खंजर**

अवधि: 16th-17th CE

धातु: Iron/Silver

आकार: 30 सेमी

हत्था जानवरों के सिर के आकार और मछली के आकार की सजावट के साथ घुमावदार है।

खंजर
अवधि: 16^{th}-17^{th} CE
धातु: Iron/Silver
आकार: 23 सेमी

खंजर का ब्लेड लोहे का है। हत्था काले रंग का अर्द्धकीमती पत्थर का है। हत्था और ब्लेड के जोड़ पर फूलों की सजावट है।

दमिश्क फोल्डिंग चाकू
अवधि: Mid 18^{th}-Mid 20^{th} CE
धातु: Iron/Wood
आकार: 19 सेमी

दमिश्क फोल्डिंग चाकू का ब्लेड लोहे का बना होता है जबकि हत्था लकड़ी का बना है।

आसूचना मिली थी कि कुछ इकाइयां डाक के माध्यम से कलाकृतियों के निर्यात की आड़ में पुरावशेषों की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल होने की तैयारी कर रही हैं। निरंतर निगरानी के आधार पर, इनमें से पांच प्राचीन खंजरों को वर्ष 2003 में मुंबई सीमा शुल्क द्वारा जब्त कर लिया गया था। जोखिम प्रोफाइल के आधार पर, उसी इकाई से जुड़े एक और पार्सल को वर्ष 2004 में रोका गया और जांच की गई और प्राचीन चाकू बरामद किया गया।

ताड़ के पत्ते की पांडुलिपि

अवधि: 19th-20th CE

इस ताड़ के पत्ते की पांडुलिपि में ऊपर और नीचे लकड़ी के सख्त सहायक आवरण के साथ 155 पत्तियाँ हैं। यह उड़िया लिपि और भाषा में लिखी गयी है। इसमें *श्रीमद्भागवत महापुराण* का 10वां अध्याय शामिल है।

ऐसा प्रतीत होता है कि पांडुलिपि शास्त्रीय *चंपू* में लिखी गई है, जो भारतीय साहित्य में साहि-त्यिक रचना की एक शैली है जिसमें गद्य (*गद्य-काव्य*) और काव्यांश (*पद्य-काव्य*) का मिश्रण होता है, जिसमें गद्य खंडों के बीच में छंद शामिल होते हैं।

स्पेन के लिए नियत एक विदेशी डाक पार्सल के निरीक्षण के दौरान, भुवनेश्वर सीमा शुल्क के अधिकारियों ने अक्टूबर 2019 में इस पुरावशेष के निर्यात को रोक दिया।



कागज़ की पांडुलिपि

अवधि: 19th-20th CE

देवनागरी लिपि में लिखित 17 पन्नों वाली यह पांडुलिपि हस्तनिर्मित कागज से बनी है, जिसमें बौद्ध ग्रंथ शामिल प्रतीत होते हैं। पत्तों पर काली और लाल स्याही से लिखावट हुई है।

भुवनेश्वर सीमा शुल्क ने अक्टूबर 2020 में विदेशी डाकघर में फ्रांस को नियत इस पुरावशेष के निर्यात को रोक दिया।

शाहनामा-ए-फिरदौसी
अवधि: 18 CE
भाषा: फ़ारसी

किताब-अल-दुआ
अवधि: 18 CE
भाषा: अरबी

होली कुरान
अवधि: 18 CE
भाषा: अरबी

होली कुरान
अवधि: 18 CE
भाषा: अरबी

होली कुरान
अवधि: 18 CE
भाषा: अरबी

किरान-उस-सादैन - दीवान ऑफ अमीर खुसरू
अवधि: 18 CE
भाषा: फ़ारसी

साथ में दिखाई गई पुस्तकें 17वीं से 19वीं शताब्दी की अरबी या फ़ारसी भाषाओं में हस्तलिखित या मुद्रित हैं।

शाहनामा-ए-फिरदौसी की सचित्र प्रति नस्तालीक़ सुलेख में लिखी गई है। इस्लामी न्यायशास्त्र पर किताब-अल-दुआ शीर्षक हाथ से लिखा गया है। लेखन शैली से पता चलता है कि इसे पाँच से अधिक हाथों से लिखा गया है। इसे लघु चित्रों से चित्रित किया गया है। हस्तलिखित कुरान में सुलेख रूप से डिज़ाइन किया गया पाठ है जो विभिन्न रंगों और शैलियों से अलंकृत है। यहां दिखाया गया किरान-उस-सादैन (शाब्दिक रूप से 'दो शुभ सितारों का मिलन') 13वीं शताब्दी के महान भारतीय विद्वान अमीर खुसरू के महाकाव्य के एक रूप की हस्तलिखित प्रति है।

डीआरआई ने अक्टूबर, 2018 में दिल्ली हवाई अड्डे पर 6 हस्तलिखित पवित्र कुरान की तस्करी को विफल कर दिया। छह महीने की सावधानीपूर्वक निगरानी के बाद, दिल्ली और राजस्थान में स्थानों की पहचान की गई, जहां से क्रमशः 33 और 41 प्राचीन पुस्तकें बरामद की गईं। इन पुरावशेषों में फतवा-ए-काजी खान, सराहे हिंदिया, शरह-ए-बहिश्ती (सूफीवाद) और दारा शिकोह की सफीनत-उल-औलिया शामिल हैं।

देवी चामुंडा

अवधि: 16th-17th CE | आकार: 32.5×44.5×34 सेमी

धातु: Brass | वजन: 32.8 kg

यह मूर्ति देवी चामुंडा को उनके मां कोटराक्षी के अवतार के रूप में दर्शाती है।

इस दुर्लभ धातु की मूर्ति में देवी को दस भुजाओं के साथ दिखाया गया है। वह अर्धपर्यंक आसन में कमल पर बैठी हैं।

सितंबर, 2022 में, दिल्ली सीमा शुल्क ने कूरियर के माध्यम से हांगकांग जा रही एक पीतल की मूर्ति को रोका। मूर्ति के पुरावशेष होने की पुष्टि की गई और अक्टूबर, 2023 में इसे जब्त कर लिया गया।

एएसआई अधिकारी ने अपने शोध के आधार पर पाया कि धातु की मूर्ति संभवतः ओडिशा के एक मंदिर से चुराई गई थी। जजपुर जिले के दर्पणगढ़ गांव में मां कोत्राक्षी मंदिर की मूर्ति की चोरी के संबंध में जनवरी, 2021 में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

नवंबर, 2023 में, जब्त की गई मूर्ति की पहचान मूल देवता के रूप में स्थापित होने पर, सीमा शुल्क और एएसआई ने देवी की मूर्ति की अभिरक्षा ओडिशा राज्य प्रशासन को हस्तांतरित कर दी, जिसने देवी को मंदिर में पुनर्स्थापित कर दिया है।

शब्दावली

अभय मुद्रा: हाथ का एक विशिष्ट भाव जब दाहिनी हथेली को ऊपर की ओर दिखाया जाता है, जो निर्भयता, सुरक्षा और शांति का प्रतीक है

अर्धपर्यंक आसन: एक मुद्रा जिसमें आकृति को एक मुड़े हुए पैर पर आधा बैठा हुआ दिखाया जाता है जबकि दूसरा एक कोण पर लटका हुआ होता है

कोलिरियम स्टिक: आंख के अंदर दवा लगाने के लिए उपयोग किया जाता है

गदा: गदा

गजहस्त: हाथ की एक स्थिति जो भगवान गणेश के हाथी की सूंड का प्रतिनिधित्व करती है

गंधर्व: दिव्य प्राणियों के एक वर्ग के सदस्य। आम तौर पर पुरुष संगीतकार या गायक जैसे दिव्य कलाकार होते हैं और महिलाएं नर्तकी होती हैं

गरुड़: एक हिंदू देवता जिन्हें मुख्य रूप से भगवान विष्णु के वाहन के रूप में दर्शाया गया है

जटामुकुट: मुकुट की तरह सजे हुए बाल

कमंडल: लकड़ी या धातु से बना पानी का बर्तन, जो परिपूर्णता, उदारता और शुद्धि का प्रतीक है

करंदमुकुट: 3, 5 या 7 की संख्या में घटते स्तरों का एक मुकुट जो देवताओं द्वारा पहना जाता है जो उनके कद को दर्शाता है

कटिसूत्र: कमर के चारों ओर पहना जाने वाला धागे या धातु से बना एक आभूषण

कात्यावलंबित मुद्रा: जब बायां हाथ आम तौर पर ढीला होकर नीचे की ओर लटका होता है और दाहिना हाथ कूल्हे पर टिका होता है

कीर्तिमुख: नुकीले दांत और खुले मुंह वाला एक भयंकर चेहरा जो एक रक्षक और अभिभावक का प्रतीक है, जो बुराई को रोकता है और ब्रह्मांडीय संतुलन बनाए रखता है

उत्तर मध्यकाल: यह 13वीं से 18वीं शताब्दी तक की अवधि को दर्शाता है

मकरमुख तोरण: ऊपरी सिरों पर मकर (द्वार के संरक्षक) के डिजाइन के साथ एक स्वतंत्र खड़ा सजावटी धनुषाकार प्रवेश द्वार

मध्यकाल: यह 6वीं से 18वीं शताब्दी तक के काल को दर्शाता है

मीनाकारी: तामचीनी चढ़ाने के माध्यम से धातुओं या सिरेमिक टाइलों की सतहों को पेंट करने और रंगने का काम

मूलक: मूली, गोभी परिवार की एक जड़ वाली सब्जी

मोदक पात्र: नारियल और गुड़ से भरे चावल के आटे के व्यंजन मोदकों से भरा कटोरा

पद्मपीठ: मूर्तिकला में बैठे या खड़े देवताओं के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कमल का आसन

पंच रथ पीठ: पीठ में पांच आगे निकले हुए हिस्से

परशु: फरसा/ कुल्हाड़ी, जिसे एक या दोनों हाथों से चलाया जा सकता है

परिकर: मुख्य देवता की छवि के चारों ओर का स्थान

समभंग: एक केंद्रीय रेखा पर समान रूप से वितरित शरीर के अंगों युक्त खड़े होने की मुद्रा। यह आत्मा की शांति दर्शाता है

समपद मुद्रा: एक स्थिर मुद्रा जिसमें शरीर स्थिर या गतिहीन होता है

सप्तमातृकाएँ: सात मातृ-देवियों का एक समूह, जिनमें से प्रत्येक एक पुरुष देवता की महिला प्रतिरूप है। वे ब्राह्मणी (ब्रह्मा की पत्नी), महेश्वरी (शिव की पत्नी), कौमारी (स्कंद की पत्नी), वैष्णवी (विष्णु की पत्नी), वाराही (वराह की पत्नी), इंद्राणी (इंद्र की पत्नी) और चामुंडा (यम की पत्नी) हैं

सप्त रथ पीठ: पीठ में सात आगे निकले हुए हिस्से

शंख: शंख

श्रीवस्त: एक प्राचीन शुभ प्रतीक जो मुख्य रूप से शरीर की छाती पर दिखाई देता है

उदरबंद: देवताओं द्वारा पेट के चारों ओर पहना जाने वाला एक बेल्ट या धागा

उपवीत: पवित्र धागा

बाण: तीर

वनमाला: फूलों से बनी एक लंबी माला

वरद मुद्रा: हाथ का एक विशिष्ट इशारा जो दाहिनी हथेली को सामने की ओर और उंगलियों को नीचे की ओर करके दर्शाया जाता है। यह वरदान देने का प्रतीक है

व्याल: पौराणिक जीव

यज्ञोपवीत: शरीर पर पहना जाने वाला तीन तारों वाला पवित्र धागा

शब्दावली

शब्दावली

शब्दावली

शब्दावली

Director General of Taxpayer Services, CBIC

@cbic_india @cbicindia @cbicindia @cbic

@CBICINDIA @CBIC India cbic.gov.in